खरगोन

दैनिक ध्रुव वाणी

## नेपा लिमिटेड सीएमडी का आकाशवाणी पर विशेष संवाद

# नेपा लिमिटेड के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर की चर्चा




**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी।**
नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी ने बुधवार को आकाशवाणी खंडवा पर कार्यक्रम प्रमुख राजेश पाठक के साथ एक विशेष संवाद में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने नेपा लिमिटेड के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने में नेपा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। चोखानी ने बताया कि नेपा नई मशीनरी और संयंत्रों के साथ नया इतिहास रचने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्र सरकार से वर्किंग कैपिटल के रूप में शीघ्र सहायता मिलने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि नेपा मानव संसाधन विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है। सेवानिवृत्ति के बाद मानव संसाधन की कमी को पूरा करने के लिए स्थानीय कर्मचारियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही, अत्याधुनिक संयंत्रों पर कार्य करने के लिए अनुभवी तकनीकी विशेषज्ञों और कामगारों की भर्ती की जा रही है।सीएमडी ने आशा व्यक्त की कि नेपा भारत सरकार के सहयोग से शीघ्र ही अपने सुनहरे दौर में लौटकर 2047 तक एक पूर्ण विकसित, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देगा। उन्होंने बताया कि बताया कि हमारा लक्ष्य बेहतर कागज से बेहतर भविष्य हैं। आगे उन्होंने बताया कि नेपा लिमिटेड ने अपनी महत्वपूर्ण संसाधन जैसे चिकित्सालय की गुणवता में सुधार और अन्य उन्नत सुविधाओं को नेपानगर में उपलब्ध करवाने हेतु निजी क्षेत्र का सहयोग लेने के लिए टेंडर निकाला है। पेट्रोल पंप का बेहतर प्रबंधन कर उसकी आय में बढ़ोत्तरी के लिए भी निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जाएगा इसके अतिरिक्त खाली पड़ी फारेस्ट भूमि को उपयोगी उत्पादों की व्यापक कृषि के लिए बम्बू मिशन और अन्य योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न विकल्पों को देखा जा रहा है। आकाशवाणी खंडवा द्वारा प्रसारित इस ज्ञानवर्धक रेडियो वार्ता को नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों, अधिकारियों और पूरे क्षेत्र के श्रोताओं द्वारा व्यापक रूप से सराहा गया है।

# नेपा सीएमडी का आकाशवाणी पर विशेष संवाद





**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले बुरहानपुर/नेपानगर।** नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी ने बुधवार को आकाशवाणी खंडवा पर कार्यक्रम प्रमुख राजेश पाठक के साथ एक विशेष संवाद में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने नेपा लिमिटेड के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने में नेपा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। चोखानी ने बताया कि नेपा नई मशीनरी और संयंत्रों के साथ नया इतिहास रचने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने केंद्र सरकार से वर्किंग कैपिटल के रूप में शीघ्र सहायता मिलने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि नेपा मानव संसाधन विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है। सेवानिवृत्ति के बाद मानव संसाधन की कमी को पूरा करने के लिए स्थानीय कर्मचारियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही,अत्याधुनिक संयंत्रों पर कार्य करने के लिए अनुभवी तकनीकी विशेषज्ञों और कामगारों की भर्ती की जा रही है। सीएमडी ने आशा व्यक्त की कि नेपा भारत सरकार के सहयोग से शीघ्र ही अपने सुनहरे दौर में लौटकर 2047 तक एक पूर्ण विकसित, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देगा। उन्होंने बताया कि बताया कि हमारा लक्ष्य बेहतर कागज से बेहतर भविष्य हैं। आगे उन्होंने बताया कि नेपा लिमिटेड ने अपनी महत्वपूर्ण संसाधन जैसे चिकित्सालय की गुणवता में सुधार और अन्य उन्नत सुविधाओं को नेपानगर में उपलब्ध करवाने हेतु निजी क्षेत्र का सहयोग लेने के लिए टेंडर निकाला है। पेट्रोल पंप का बेहतर प्रबंधन कर उसकी आय में बढ़ोत्तरी के लिए भी निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त खाली पड़ी फारेस्ट भूमि को उपयोगी उत्पादों की व्यापक कृषि के लिए बम्बू मिशन और अन्य योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न विकल्पों को देखा जा रहा है। आकाशवाणी खंडवा द्वारा प्रसारित इस ज्ञानवर्धक रेडियो वार्ता को नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों, अधिकारियों और पूरे क्षेत्र के श्रोताओं द्वारा व्यापक रूप से सराहा गया है।

स्वदेश

खंडवा - मुख्य संस्करण

Date 19 Dec 2024

# नेपा सीएमडी ने आकाशवाणी पर विशेष संवाद में लिया भाग

**स्वदेश समाचार ■ बुरहानपुर**

नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी ने बुधवार को आकाशवाणी खंडवा पर कार्यक्रम प्रमुख राजेश पाठक के साथ एक विशेष संवाद में भाग लिया। इस संवाद में चोखानी ने नेपा लिमिटेड के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर गहराई से चर्चा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने में नेपा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।




चोखानी ने बताया कि नेपा अपनी नई मशीनरी और संयंत्रों के साथ नया इतिहास रचने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान, उन्होंने केंद्र सरकार से शीघ्र वर्किंग कैपिटल सहायता मिलने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि नेपा मानव संसाधन विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है और सेवानिवृत्ति के बाद मानव संसाधन की कमी को पूरा करने के लिए स्थानीय कर्मचारियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही, अनुभवी तकनीकी विशेषज्ञों और कामगारों की भर्ती की जा रही है ताकि अत्याधुनिक संयंत्रों पर काम किया जा सके। आकाशवाणी खंडवा द्वारा प्रसारित इस संवाद को नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों, अधिकारियों और पूरे क्षेत्र के श्रोताओं द्वारा सराहा गया।

---

दसौंधी ने मौका मुआयना किया।

सफाई ग्राम पंचायत के माध्यम से शिविर व स्वास्थ्य ...

**चर्चा**

## परिचर्चा के बाद सीएमडी ने कर्मचारियों को किया प्रेरित

# जल्द अपने पुराने वैभव में वापस लौटेगी नेपा मिल : चोखानी

**नईदुनिया न्यूज, नेपानगरः** नेपा लिमिटेड के अध्यक्ष सहप्रबंध निदेशक राकेश कुमार चोखानी का बुधवार को आकाशवाणी केंद्र खंडवा से विशेष परिचर्चा का कार्यक्रम प्रसारित किया गया था। जिसमें उन्होंने मिल की आगामी कार्ययोजना सहित अन्य अन्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला था।

प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने बताया कि इस परिचर्चा के बाद उन्होंने कर्मचारियों को अपनी कार्ययोजना के अनुसार आगामी समय में कागज के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और विपणन को लेकर प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि हम सब मिल कर जल्द ही एशिया का यह पहला कागज कारखाना अपने पुराने वैभव में लौटेगा। केंद्र सरकार से यदि जल्द कार्यशील पूंजी के लिए आर्थिक पैकेज मिलता है तो अगले एक से दो साल में ही यह मिल एकबार फिर बाजार में अपनी पैठ बनाने में सफल हो सकेगी।




आकाशवाणी केंद्र के प्रतिनिधि से चर्चा करते सीएमडी राकेश चोखानी ● नईदुनिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने में नेपा मिल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। नई मशीनरी और संयंत्रों के साथ नया इतिहास रचने के लिए प्रतिबद्ध है। वार्ता में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने आशा व्यक्त की है कि नेपा लिमिटेड भारत सरकार के सहयोग से शीघ्र ही अपने सुनहरे दौर में लौटकर एक पूर्ण विकसित, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देगी। इसके लिए सभी को सकारात्मक प्रयास करने होंगे। केसरी ने बताया इस कार्यक्रम को कारखाना परिसर स्थित अनाम श्रमिक स्थल पर कंपनी के अधिकारी, कर्मचारियों ने सुना और इसी के अनुसार कार्य करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक प्रयास से ही किसी लक्ष्य को पाया जा सकता है।